समस्याओं के समाधान को बना कंट्रोल रूम

संदेश वाहक न्यूज

शाहजहांपुर। कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत शासन द्वारा लॉकडाउन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। लॉकडाउन के कारण आम जनमानस नगर निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से सम्बंधित समस्याओं को लेकर कार्यालय में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, जिसके कारण उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है।

आम जनमानस की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त के निर्देश पर टेलीफोन के माध्यम से दर्ज कराने के लिए नगर निगम, शाहजहांपुर द्वारा कार्यालय परिसर में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जो प्रात: 8.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक संचालित है। कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 05842-225437 तथा मोबाइल नम्बर 7355003882 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यदि इस नम्बर पर शिकायत दर्ज कराने उपरांत किसी कारणवश समस्या का समाधान नहीं हो पाता है, तो विभागाध्यक्षों के मोबाइल नम्बरों पर संपर्क कर समस्यओं का समाधान कराया जा सकता है।

नगर निगम के ये हैं समाधान नंबर

1.	मुख्य अभियंता (सिविल)	निर्माण सम्बंधी	9936737474
2.	अधिशासी अभियंता (सिविल)	निर्माण सम्बंधी	6393886345
3.	सहायक अभियंता (सिविल)	निर्माण सम्बंधी	8317084487
4.	मुख्य कर निर्धारण अधिकारी	कर सम्बंधी	8279485774
5.	नगर स्वास्थ्य अधिकारी	सफाई/सेनिटाइजेशन	9415087365
6.	सहायक नगर आयुक्त	सेनिटाइजेशन/फॉगिंग	9451248770
7.	सहायक नगर आयुक्त	मार्ग प्रकाश	7355334106
8.	सहायक अभियंता	मार्ग प्रकाश	8736094968
9.	प्रकाश अधीक्षक	मार्ग प्रकाश	9305145655
10.	अवर अभियंता	जलापूर्ति	8006333140
11.	अवर अभियंता	जलापूर्ति	9350452752

यदि उपरोक्त नम्बरों पर भी समस्या का समाधान न हो सके तो अपर नगर आयुक्त मोबाइल नम्बर 9415500022 से संपर्क कर समस्या का निस्तारण कराया जा सकता है।